रेलवे भर्ती सेल पूर्वोत्तर रेलवे सीसीएम एनेक्सी बिल्डिंग रेलवे रोड सं०- 14 गोरखपुर-273012		RAILWAY RECRUITMENT CELL North Eastern Railway CCM Annexe Building Rly. Road No-14 Gorakhpur-273012

सं. का/एनईआर/आरआरसी/जी.डी.सी.ई./2023 दिनांक:- 12.10.2023

प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी,
मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री,
रायबरेली।

विषय:- पूर्वोत्तर रेलवे में सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जी.डी.सी.ई.)/2023 के अन्तर्गत भर्ती।
सन्दर्भ:- रेलवे भर्ती सेल/गोरखपुर द्वारा जारी अधिसूचना सं. एनईआर/आरआरसी/जी.डी.सी.ई./2023 दिनांक 31.07.2023.

****

उपर्युक्त विषयगत अधिसूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। जिसमें केवल पूर्वोत्तर रेलवे के सभी नियमित कार्यरत कर्मचारियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गए है। रेलवे बोर्ड के पत्र सं0 E(NG)I/2018/PM 1/23 दिनांक 07.01.2020 (आरबीई सं0 03/2020) के द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा विज्ञापित किये जाने वाले सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जी.डी.सी.ई.) की अधिसूचना के अन्तर्गत मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली के पात्र अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने का प्रावधान किया गया है। तदनुसार उक्त अधिसूचना का संशोधन/परिवर्धन सम्बन्धी आवश्यक सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 24.10.2023 है।

यद्यपि मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली के अनेक अभ्यर्थियों ने पहले ही उक्त अधिसूचना के आधार पर आवेदन किया है। फिर भी आपसे आग्रह है कि कृपया इस आशय की सूचना का मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली के कर्मचारियों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र/इच्छुक कर्मचारी आवेदन करने से वंचित न रह सकें।

12.10.23

(हरखेन कुमार सिंह)
सहायक सचिव
कृते अध्यक्ष/रेलवे भर्ती सेल
गोरखपुर